# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक / पुअ / नर्मदापुरम / रिकार्ड / एम–2618 / 2026 दिनांक 07 / 05 / 2026

## ::–ई–निविदा सूचना::–

पुलिस अधीक्षक कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा इकाई के समस्त कार्यालयों एवं थाना/चौकियो के उपयोग मे आने वाली लेखन सामग्री/अन्य आवश्यक सामग्रीयों क्रय हेतु इच्छुक निविदाकारों से (वार्षिकदर अनुबंध) करने हेतु आनलाईन टेण्डर जारी किया जाता है, जिसकी विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.inपर उपलब्ध है।

| स.क्र. | कार्य का विवरण | प्रतिभूति राशि **Performance Guarantee** | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस अधीक्षक कार्यालय अधीनस्थ कार्यालय एवं थाना एवं चौकियो के लिये लेखन सामग्री/अनुसंधान सामग्री/एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय | 60,000/– | 2,000/– |

| स.क्र. | निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन दिनांक | 12 /05/2026 | 11:00 |
| 2. | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 24/05/2026 | 11:00 |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 01/06/2026 | 17:00 |
| 4. | निविदा खोलने की दिनांक | 02/06/2026 | 17:05 |

**निविदा की नियम एवं शर्ते :–**

- निविदा 2 भागों में ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावें।

1. प्रथम भाग में तकनीकी निविदा होगी, जिसमें तकनीकी निविदा प्रपत्र एवं अन्य निविदा से संबंधित प्रपत्र व चाहे गए दस्तावेज ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य है।
2. द्वितीय भाग में व्यवसायिक निविदा फार्म होगा, जिसमें विभिन्न सामग्रियों की दरें समस्त कर सहित एवं संबंधित दस्तावेज ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य है, जिसे निर्धारित प्रोफार्मा बी.ओ.क्यू. (मात्रा विवरण पत्रक) में निविदा शर्तों के अनुरूप ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा।
3. ई–निविदा में दर्शाये अनुसार सुरक्षा निधि की राशि (ई.एम.डी.) के रूप में वेबसाईट https://mptenders.gov.inपर ऑनलाईन निविदा में जमा करानी होगी।
4. निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा एवं न ही इसमें कोई छूट प्रदान की जावेगी। केवल म.प्र. भंडार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के नियम 14.1 के पालन में प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को स्वयं द्वारा उत्पाद की जाने वाली सामग्री हेतु निविदा प्रस्तुत करने के लिये निःशुल्क निविदा फार्म तथा निविदा प्रतिभूति के भुगतान से छूट की पात्रता रहेगी। इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. उन्हीं निविदाकार की निविदा मान्य की जायेगी जो वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) के अंतर्गत पंजीकृत होंगे।

6. सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने के उपरांत परफार्मेंस ग्यारंटी राशि रु. 60,000/- (रू0 साठ हजार मात्र) रूपये सुरक्षानिधि के रूप में बैंक ड्राफ्ट/बैंक गारंटी/बैंकर्स चेक **"पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नर्मदापुरम"** के नाम प्रदाय आदेश जारी होने पर 7 दिवस के भीतर कार्यालय में जमा कराना होगा, जो निविदा अवधि समाप्त होने तक निविदा की शर्तों के अनुरूप जमा रहेगी।
7. फर्म के वास्तविक स्वामी द्वारा प्रस्तुत निविदा ही मान्य की जावेगी। मुख्त्यारनामा या पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से प्रस्तुत निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
8. निविदाकार को प्रतिष्ठान का आयकर, जी.एस.टी. क्रमांक अंकित करने के साथ-साथ विगत तीन वर्षों का एवं वर्तमान में वैध आयकर एवं जी.एस.टी., उद्यम पंजीयन, गुमास्ता पंजीयन, आई.एस.ओ. 9001:2015 (आई.ए.एफ. प्रमाणित) एवं आई.एस.ओ. 50001:2018 प्रमाणपत्र तथा "मेक इन इंडिया" घोषणा पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त सभी प्रमाण पत्र अद्यतन होना आवश्यक रहेगा तथा पिछले छः माह की जी.एस.टी.आर.-3बी की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. निविदाकार को किसी भी शासकीय कार्यालय में विगत 3 वर्षों तक सफलता पूर्वक सामग्री सप्लाई का अनुभव होना चाहिए एवं विगत 2 वर्षों में सामग्री सप्लाई के कम से कम 3 आदेशों की प्रतिलिपि प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिनकी संबंधित सामग्री की आदेश राशि 4 लाख से अधिक हो।
10. संलग्न किये गये दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय होना अनिवार्य है, दस्तावेज पठनीय नहीं होने की स्थिति में निविदाकार की भागीदारी निरस्त की जावेगी।
11. फर्म/कंपनी का मध्यप्रदेश में व्यवसायिक केन्द्र/सेवा केन्द्र/विक्रय कार्यालय का पूरा पता दूरभाष/मोबाइल नम्बर सहित अंकित करना अनिवार्य होगा।
12. निविदाकार एक, एक से अधिक अथवा सभी श्रेणियों (Category) हेतु निविदा प्रस्तुत कर सकेगा। जिस श्रेणी हेतु निविदा प्रस्तुत की जाएगी, उस श्रेणी में अंकित सभी सामग्रियों हेतु दर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। किसी श्रेणी में अपूर्ण दर प्रस्तुत करने पर संबंधित श्रेणी की निविदा अमान्य की जा सकेगी।
13. निविदाकार को निविदा में दस्तावेजों की छायाप्रति पर फर्म की सील, जिसमें फर्म का नाम एवं पूरा पता अंकित हो, लगाकर दस्तावेजों का पृष्ठ क्रमांक अंकित तथा सत्यापित कर ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। केवल आवश्यक प्रपत्र ही प्रस्तुत किये जावें।
14. निविदा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में पंजीकृत संस्थाओं को प्राथमिकता दी जावेगी।
15. निविदा में सम्मिलित प्रत्येक श्रेणी (Category) का वित्तीय मूल्यांकन पृथक रूप से किया जाएगा तथा न्यूनतम निविदाकार (L-1) का निर्धारण संबंधित श्रेणी के कुल दर मूल्य के आधार पर किया जाएगा।"
16. खुली निविदा में भारत शासन/राज्य शासन द्वारा ब्लैकलिस्ट की गई फर्म भाग नहीं ले सकेगी।
17. कोई भी निविदा बिना कारण बताये पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार पुलिस अधीक्षक, नर्मदापुरम को होगा।
18. निविदा प्रक्रिया किसी भी समय लोकहित/प्रशासकीय कारण/कानून व्यवस्था ड्यूटी या अन्य अपरिहार्य कारणों से स्थगित/शिथिल की जा सकती है।
19. तकनीकी निविदा में त्रुटि होने पर या दस्तावेजों में कमी होने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
20. निविदा की दरें दिनांक 31.03.2027 तक मान्य होंगी, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है।
21. आवश्यकतानुसार सामग्री का क्रय आदेश पृथक से जारी किया जावेगा।
22. यह आवश्यक नहीं होगा कि सफल निविदाकार को संपूर्ण सामग्री का क्रय आदेश जारी किया जावे, आंशिक आदेश भी दिये जा सकते हैं।
23. क्रय आदेश जारी होने के दिनांक से 7 दिवस के भीतर सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
24. विशेष/आकस्मिक स्थिति में मांग करने पर सामग्री तत्काल उपलब्ध करानी होगी।
25. विलंब की दशा में पेनल्टी पुलिस अधीक्षक, नर्मदापुरम द्वारा निर्धारित की जावेगी।

26. सामग्री संबंधित कार्यालय/थाने में वितरित करना होगा, इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।
27. डिलीवरी के दौरान किसी भी प्रकार की टूट–फूट हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
28. सामग्री की गुणवत्ता की जांच विभागीय समिति/तकनिकी समिति द्वारा की जावेगी एवं संतोषजनक पाए जाने पर ही भुगतान किया जावेगा।
29. समय पर सामग्री उपलब्ध नहीं कराने पर बैंक गारंटी जब्त कर निविदा निरस्त किया जा सकेगा।
30. भुगतान प्रक्रिया बजट उपलब्धता के अनुसार की जावेगी।
31. भुगतान में विलंब होने पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
32. निविदाकार का विगत 3 वर्षों का वार्षिक कारोबार 1 करोड़ होना अनिवार्य है, चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रमाण पत्र (यू.डी.आई.एन. सहित) प्रस्तुत करना होगा।
33. निविदाकार को विगत 3 वर्षों की आयकर रिटर्न प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
34. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
35. निविदा खुलने के पश्चात समिति द्वारा अतिरिक्त दस्तावेज मांगे जा सकते हैं।
36. सफल निविदाकार कार्य का हस्तांतरण नहीं कर सकेगा।
37. निविदा से संबंधित सभी अपडेट केवल https://mptenders.gov.inवेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।
38. अन्य नियम एवं शर्तें म.प्र. शासन के नियमों के अनुसार लागू होंगी।
39. 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर यह शपथ पत्र देना होगा कि फर्म ब्लैकलिस्टेड नहीं है एवं किसी परिसमापन प्रक्रिया में नहीं है।
40. ई.एम.डी. एवं टेण्डर फार्म निविदा प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
41. निविदा से संबंधित सभी दस्तावेजों की हार्ड कॉपी 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
42- निविदा समाप्ति तिथि के 3 दिवस पूर्व नमूना प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा प्राप्ति रसीद संलग्न करनी होगी।
43- सभी शर्तें 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर दर्ज मानी जाएंगी एवं निविदाकार द्वारा स्वीकार की जाएंगी।

––00––

प्रपत्र–01

## निविदाका द्वारा लेटरहेड पर प्रस्तुत किये जाने वाला तकनीकी निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म के मालिक/प्रोपाईटर/निदेशक का विवरण | नाम :–<br>पता :–<br><br>मोबाईल नम्बर :–<br>ई–मेल आईडी :– |
| 2 | निविदाकार की फर्म का नाम | |
| 3 | फर्म का पता | |
| 4 | फर्म का प्रकार (स्वयं/भागीदारी/निदेशक) | |
| 5 | गुमास्ता पंजीयन संख्या | |
| 6 | पैन संख्या | |
| 7 | आधार संख्या | |
| 8 | जी.एस.टी.संख्या | |
| 9 | कार्य का अनुभव वर्षो में | |
| 10 | निविदाकार का टर्नओवर | वर्ष 2022–23<br>वर्ष 2023–24<br>वर्ष 2024–25 |
| 11 | निविदाकार के बैंक का नाम | |
| 12 | खाता क्रमांक | |
| 13 | आईएफएससी कोड | |

दिनांक : .......................................

स्थान : ..........................................

निविदाकार/अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम –

सील –

# शपथ –पत्र

निविदाकार द्वारा लेटर हेड पर जमा किया जावे

1. मैं ........................................................................ पिता / पति ................................................ उपरोक्त वर्णित फर्म का मालिक/प्रोपायटर/निदेशक हस्ताक्षरकर्ता इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने और इस निविदा दस्तावेज को निष्पादित करने मे सक्षम हूॅ।
2. ऑनलाईन निविदा क्रमांक ........................................................... में जारी निविदा सूचना पत्र क्रमांक/पुअ/खर/आरके/ /2026 दिनांक / / के अनुसार निविदा की समस्त शर्ते मुझे स्वीकार हैं, तथा किसी भी निविदा शर्त के उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर धरोहर राशि राजसात कर फर्म के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।
3. मैं / हम सहमत है कि हमारे द्वारा सभी सामग्रियो हेतु प्रस्तावित की गई दरे सभी प्रकार के कर एवं समस्त व्ययों सहित प्रस्तुत की गई है।
4. मैने निविदा के सभी नियमों और शर्तो को सावधानी व सूक्ष्मता से पढ़ और समझ लिया है और मुझे उनका पालन करने मे कोई आपत्ति नहीं है।
5. उपर्युक्त आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी/दस्तावेज मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और प्रमाणिक है। मैं/हम इस तथ्य से अच्छी तरह से अवगत हैं कि किसी भी झूठी सूचना/निर्मित दस्तावेज को प्रस्तुत करने पर फर्म तथा मेरे विरूद्ध सक्षम कानून के तहत् अभियोजन स्थापित किया जा सकता है। तथा किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा को एक पक्षीय रूप से स्वीकार/निरस्त किया जा सकता है तथा मेरे द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि राजसात की जा सकती है।

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

नाम...........................................................

फर्म का नाम................................................

फर्म का पता ............................................

...................................................................

मोबाईल नंबर ..........................................

प्रपत्र—03

# काली सूची (Black List) मे शामिल न होने का घोषणा पत्र
## किसी भी सरकारी संस्था द्वारा काली सूची मे न होने की स्वघोषणा
## (निविदाकार के लेटरहेड पर)

प्रति

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय
जिला नर्मदापुरम

विषय : किसी भी सरकारी संस्था द्वारा निविदाकार को पूर्व से किसी भी काली सूची (Black List) मे न डाले जाने की घोषणा।

संदर्भ :

श्रीमान,

उपरोक्त निविदा मे मैं/हम ................................................ मेसर्स ............................ के ................................ पदनाम के रूप मे, एतदद्वारा घोषणा करते है कि मेरी/हमारी कम्पनी/फर्म ........................................................................................................ का पिछला रिकार्ड बेदाग है और किसी भी राज्य अथवा केन्द्र शासन के सरकारी कार्यालय द्वारा हमारी संस्था/फर्म को काली सूची (Black List) मे शामिल नही किया गया है या अयोग्य घोषित नही किया गया है। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या पीएसयू मे असंतोषजनक प्रदर्शन, सामान्य या विशिष्ट निर्देशो के उल्लंघन, भ्रष्ट/धोखाधडी या किसी अन्य मामले मे अनैतिक व्यवसाय प्रथाओ के कारण अयोग्य घोषित नही किया गया है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता..........................................
पद.......................................................................
स्थान..................................................................
दिनांक..................................................................
सील और साईन...................................................

प्रपत्र–04

# शपथ पत्र

(200/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर विधिवत नोटरीकृत कर निविदाकार द्वारा दिया जाना है)

मैं..........................................पुत्र .......................................... निवासी ................................................ पदनाम .................................................... फर्म का नाम .................................................... सत्यनिष्ठा से पुष्टि करता हॅू और निम्नानुसार घोषणा करता हॅू।

1. यह कि मै .................................................. कंपनी/फर्म का नाम .................................................. का अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता हॅू और मुझे कंपनी/फर्म द्वारा निविदाकार की और से शपथ पत्र को प्रस्तुत करने के लिए विधिवत अधिकृत किया गया है।

2. यह कि मैने जिला पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम द्वारा जारी निविदा.................................. ..............................................................के लिए हमारी पात्रता के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की है। प्रस्ताव के अनुरोध (निविदा) दस्तावेज के माध्यम से हमारे द्वारा प्रस्तुत की गई सभी उक्त जानकारी सटीक, सत्य और सही है, और हमारे पास उपलब्ध हमारे रिकार्ड पर आधारित है ।

3. यह कि मैं इस निविदा के तहत हमारे द्वारा प्रदान की गई हमारी साख/जानकारी को सत्यापित करने के लिए किसी भी जानकारी को प्रस्तुत करने की पुष्टि करता हूं ।

4. यदि अनुबंध अवधि सहित किसी भी समय यदि जिला पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम हमारी वित्तिय या तकनीकी क्षमताओं या किसी अन्य प्रासंगिक जानकारी के बारे में कोई और अतिरिक्त जानकारी का अनुरोध करता है तो मैं तुरंत प्रत्येक जानकारी को सटीक रूप से उपलब्ध कराने के लिए पाबंद रहूंगा। और सही ढंग से जिला पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम को सहयोग करूगां।

5. यह कि मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं और समझता हूं कि निविदा में हमारे द्वारा किसी भी असत्य या भ्रामक जानकारी को प्रस्तुत करने से हमे निविदा प्रक्रिया से अयोग्य घोषित किया जा सकता है । प्रत्येक अयोग्यता के लिए लागत और जोखिम पूरी तरह से हमारे द्वारा वहन किया जावेगा और हमारी प्रतिभूति राशि/सूरक्षा निधि की राशी भी जप्त कर ली जावे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम अपने विवेक पर अदालत में मेरी फर्म के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। जिसके लिए मैं स्वयं पूर्ण रूप से जवाबदार रहॅूगा।

6. मेरे द्वारा निविदा के सभी नियमों एवं शर्तो का विधिवत अनुपालन किया गया है ।

नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान

दिनांक

प्रपत्र—05

# तकनीकी निविदा चेकलिस्ट

( निम्न जानकारी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है )

| क्र | दस्तावेज | हॉ | नहीं |
|---|---|---|---|
| 1 | स्थापना पंजीयन की छायाप्रति | | |
| 2 | पेन कार्ड की छायाप्रति | | |
| 3 | आधार कार्ड की छायाप्रति | | |
| 4 | GST पंजीयन की छायाप्रति | | |
| 5 | निविदाकर्ता को स्थानीय नर्मदापुरम के किसी भी शासकीय कार्यालय में विगत 3 वर्षो तक सफलता पूर्वक सामग्री सप्लाय का सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र एवं विगत 02 वर्षो में सामग्री सप्लाय का प्रत्येक तिमाही का न्यूनतम 01—01 देयक की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। | | |
| 6 | UDINवाला सी.ए. का टर्न ओवर प्रमाण पत्र (वर्ष 2022—23, 2023—24, 2024—25) | | |
| 7 | ITR Return Acknowledgement (AY) 2022-23 | | |
| 8 | ITR ReturnAcknowledgement(AY) 2023-24 | | |
| 9 | ITR ReturnAcknowledgement(AY) 2024-25 | | |
| 10 | निविदाकार का तकनीकी प्रपत्र (प्रपत्र—01) | | |
| 11 | निविदाकार का शपथ पत्र (प्रपत्र—02) | | |
| 12 | ब्लेकलिस्ट न होने का घोषणा पत्र (प्रपत्र—03) | | |
| 13 | नोटरीकृत शपथ पत्र (प्रपत्र—04) | | |
| 14 | निविदा शुल्क Online | | |
| 15 | सुरक्षा निधि की राशि (EMD) Online | | |

Signature Not Verified

Digitally signed by ABHISHEK RAJAN
Date: 2026.05.11 20:57:23 IST
Location: Madhya Pradesh-MP